कार्यालय लोक सेवा आयोग, उ0प्र0,
संख्या– 8(177)/ई–2/2019–20
प्रयागराजः दिनांक 05 अगस्त, 2020

# विज्ञप्ति

आयोग के विज्ञापन सं. ए–4/ई–1/2019, दिनांक 13.12.2019 के द्वारा विज्ञापित खण्ड शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा–2019 के संदर्भ में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा उक्त परीक्षा दिनांक 16 अगस्त, 2020 (रविवार) को एक सत्र में (अपराह्न 12:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक) प्रदेश के 18 जनपदों यथा– आगरा, प्रयागराज, आजमगढ़, बरेली, गोरखपुर, अयोध्या, गाजियाबाद, जौनपुर, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, बाराबंकी, मेरठ, मुरादाबाद, रायबरेली, सीतापुर, वाराणसी व मथुरा, उत्तर प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। प्रश्नगत परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट http://uppsc.up.nic.in पर उपलब्ध है । अभ्यर्थी अपने रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं जन्म–तिथि के आधार पर प्रवेश–पत्र तथा अनुदेश डाउन लोड कर, प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर नियत तिथि एवं समय पर दो फोटो एवं आई.डी.प्रूफ की मूल एवं छायाप्रति लेकर उपस्थित हों।

2–ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी जोः–

1. सेरिबल पैल्सी दिव्यांगता ।
2. लोकोमोटर अपर लिम्ब दिव्यांगता (लिखने वाले हाथ में 40% या उससे अधिक दिव्यांगता की स्थिति मे ) ।
3. आंख की दिव्यांगता (60% से अधिक होने पर) ।

स्क्राइब/राइटर एवं अतिरिक्त समय का लाभ लेना चाहते हैं उनसे आयोग की विज्ञप्ति संख्या– 8/ई–2/2019–20 दिनांक 11.03.2020 के माध्यम से पूर्व में प्रत्यावेदन प्राप्त किये जा चुके हैं। ऐसे अभ्यर्थियों द्वारा दिए गए अभिलेखों के जांचोपरान्त उक्त सुविधा अनुमन्य होने पर अभ्यर्थी को एवं संबंधित परीक्षा केन्द्र को सूचित किया जाएगा। स्क्राइब/राइटर की अर्हता इण्टर पास होनी चाहिए जो वर्ष 2017/2018 से पूर्व का उत्तीर्ण न हो।

5/8/2020
(अरविन्द कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक